**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**29.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18.00 बजे**

## पौंग बांध विस्थापित

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि पौंग बांध विस्थापितों की समस्याओं के समाधान को राज्य सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और राजस्थान सरकार के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया गया है। उन्होंने आज धर्मशाला में पौंग बांध विस्थापितों की शासी निकाय की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। जगत सिंह नेगी ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर गठित उच्च स्तरीय समिति द्वारा किए गए प्रयासों के परिणामस्वरूप कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं जिनसे विस्थापित परिवारों को राहत मिली है। उन्होंने कहा कि कुल 16 हज़ार 3 सौ 52 पौंग बांध विस्थापितों में से 9 हज़ार 9 सौ 5 विस्थापितों को राजस्थान में भूमि आबंटित की जा चुकी है जबकि अन्य परिवारों को भूमि आबंटन की प्रक्रिया जारी है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि पौंग बांध से अचानक पानी छोड़ने के कारण निचले क्षेत्रों में आने वाली बाढ़ की पुनरावृति को रोकने के लिए डैम सेफ्टी एक्ट और डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट के प्रावधानों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा।

## निर्वाचन आयोग–एसआईआर

भारत के निर्वाचन आयोग ने कहा है कि विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर के दूसरे चरण की शुरुआत के बाद से मतदाताओं के बीच 50 करोड़ 73 लाख से अधिक गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। यह इस चरण में शामिल होने वाले लगभग 51 करोड़ मतदाताओं का 99 दशमलव पांच–तीन प्रतिशत है। आयोग ने कहा है कि अब तक लगभग 40 करोड़ प्रपत्र डिजिटल किए जा चुके हैं। मतदाता सूची के एस.आई.आर का यह चरण इस महीने की 4 तारीख को नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू हो गया है। मतदाता सूची का बड़े पैमाने पर पुनरीक्षण अगले साल 7 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ समाप्त होगा।

## रोगी मित्र

राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग में रोगी मित्र भरने के फैसले का भाजपा नेताओं सहित युवाओं ने विरोध किया है। सोलन में भाजपा नेता राजीव कश्यप ने कहा कि न केवल बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है बल्कि मैडिकल कॉलेजों में हजारों

प्रशिक्षु छात्रों के लिए भी सही नहीं है। बेरोजगार युवाओं ने भी रोगी मित्र योजना को गलत बताया है।

**राजेश धर्माणी**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बिलासपुर जिले़ के घुमारवीं स्थित नागरिक अस्पताल में पहली बार दो जटिल सिजेरियन प्रसव करवाने वाले डॉक्टरों और अन्य स्टाफ को आज सम्मानित किया। इनमें डॉक्टर अनुपम शर्मा, डॉक्टर अभिनव गौतम, डॉक्टर दीपक और पांच अन्य स्टॉफ मैम्बर शामिल हैं। राजेश धर्माणी ने इस उपलब्धि के लिए सभी डॉक्टरों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य व चिकित्सा संस्थानों के आधारभूत ढांचे को लगातार सुदृढ़ कर रही है ताकि लोगों को घर के समीप ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। धर्माणी ने बताया कि उपमंडल स्तर के अस्पतालों में भी आवश्यक चिकित्सा उपकरण मुहैया करवाए जा रहे हैं।

**सिकंदर कुमार**

राज्यसभा सांसद और प्रदेश भाजपा महासचिव सिकंदर कुमार ने आर.एस.एस. जैसे संगठन पर अशोभनीय टिप्पणी करने के लिए कांग्रेस नेताओं की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी संघ को लेकर निराधार बयानबाजी कर रहे हैं और वे संघ व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के फोबिया से ग्रस्त हैं। सिकंदर कुमार ने कहा कि भाजपा राष्ट्रहित में कार्य करने वालों संगठनों के सम्मान की रक्षा के लिए हमेशा संघर्षरत रहेंगे।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 30 नवबंर को सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 128वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी व दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क और आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।